राँची में उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

20 मार्च, 2023 को झारखंड के राँची के टाना भगत स्टेडियम खेलगाँव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित उत्कृष्ट विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यहाँ की शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ऐसा आयोजन हुआ है।
- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है, जिसके पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में सीबीएसई की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा मिलनी शुरू हो चुकी है तथा आने वाले समय में 4000 से अधिक सरकारी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वैसे बच्चे जो स्कूली शिक्षा से आगे बढ़कर इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य स्ट्रीम में पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद देते हुए पढ़ाई में होने वाले सभी खर्च वहन करेगी।
- उन्होंने बताया कि देश में पहली बार इस राज्य ने अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिये विदेशों में पढ़ाई करने के लिये 100% स्कॉलरशिप प्रदान किया है। राज्य सरकार के खर्च पर विदेश में पढ़ाई करने गए कुछ बच्चे डिग्रियाँ लेकर वापस राज्य पहुँचकर अच्छा कर रहे हैं, वहीं कुछ बच्चों को तो विदेशों में नौकरी भी मिल गई।
- उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) से संबंधित महत्त्वपूर्ण बातें-
- राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की भौतिक संरचना को आदर्श मानक एवं विद्यालय की आवश्यकता के अनुसार निर्मित किया गया है।
- राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में आधुनिक एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के लिये उपयोगी पुस्तकें, दैनिक समाचार पत्र, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों के साथ-साथ पत्र-पत्रिका की व्यवस्था की गई है।
- विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुझान विकसित करने तथा उनमें वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाने के लिये राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में विज्ञान लैब की अधिष्ठापना की जा रही है।
- राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में आई सीटीलैब के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से विद्यार्थी हर दिन कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं एवं साथ ही ई-कैंट के माध्यम से विषयवार विशेष जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में विभिन्न ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा की शुरूआत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी रूचि अनुसार अपने हुनर को आगे बढ़ाना है ताकि भविष्य में वे अपने आजीविका को सहजता से आगे ले जा सकें।
- 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भारतीय प्रबंधन संस्थान, राँची के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा 15 शिक्षकों को भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से भी प्रशिक्षित किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-conference-of-the-management-committee-members-of-excellent-school-in-ranchi